# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## बारहवां सत्र

## लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## सोमवार, 31 अगस्त, 2026/09, भाद्रपद, 1948 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न** - 43

----

### आउटसोर्स कम्पनियां

1787 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कितनी आउटसोर्स कम्पनियां/ एजेंसियां हैं; इनके नाम, पता व संचालकों का ब्यौरा दें?

----

### पी0जी0टी0 (आई0पी0)

1788 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला)ः**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पूर्व में हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ चयन बोर्ड द्वारा पोस्ट कोड-311 के अंतर्गत विज्ञापित पी0जी0टी0 (आई0पी0) तथा वर्तमान में राज्य चयन आयोग द्वारा पोस्ट कोड-26032 के अंतर्गत विज्ञापित शिक्षक (कंप्यूटर) के भर्ती एवं पदोन्नति नियम लगभग समान हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार नवनियुक्त शिक्षकों को भी पी0जी0टी0 (आई0पी0)/ प्रवक्ता (कंप्यूटर विज्ञान) का पदनाम तथा पूर्ववत समान वेतन स्तर का लाभ देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण;

(ग) क्या इन कर्मियों हेतु दो वर्ष उपरांत नियमितीकरण तथा पांच वर्ष उपरांत सेवा समाप्ति के स्थान पर नियमित सेवा का प्रावधान करने का विचार है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(घ) वर्तमान में इस संवर्ग के कितने पद रिक्त हैं; क्या इन पर पोस्ट कोड-26032 के अभ्यर्थियों का समायोजन किया जाएगा तथा पूर्व एवं वर्तमान भर्ती एवं पदोन्नति नियमों की प्रतियां सभा पटल पर रखें?

----

## कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित

1789 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित द्वारा रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार से अनुमति मांगी गई है; यदि हां, तो अनुमति पत्र की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) यह भर्तियां कब तक शुरू कर दी जाएंगी; उक्त बैंक में रिक्त पदों का श्रेणीवार ब्यौरा दें?

----

## पंचायत प्रतिनिधि

1790 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी)**ः

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आनी व निरमंड विकास खंडों में पंचायतों के निर्वाचित प्रधान, उप-प्रधान, वार्ड सदस्य तथा पंचायत समिति सदस्यों की संख्या कितनी है; निर्वाचित प्रतिनिधि का पंचायतवार, वार्डवार, नाम व पतेवार, मोबाइल नम्बर सहित ब्यौरा दें; और

(ख) हाल ही में हुए चुनावों में इन दोनों विकास खंडों में पदों हेतु कितने उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा, पदवार एवं पंचायतवार प्रत्येक उम्मीदवार का नाम, वार्ड, पता, प्राप्त मत, जीत/हार की स्थिति तथा उपलब्ध मोबाइल नम्बर सहित ब्यौरा दें?

----

## कलाकारों को मानदेय

1791 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जिला स्तरीय बूढ़ी दिवाली मेला, निरमंड-2025 तथा आनी मेला-2026 में सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु आमंत्रित कलाकारों का मानदेय/भुगतान बकाया है; यदि हां, तो कितने कलाकारों का कितना भुगतान लंबित है, विलंब के कारण क्या हैं तथा लंबित भुगतान कब तक कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## रिक्त पद

1792 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी) :**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बागा-सराहन एवं आनी जो सी0बी0एस0ई0 से संबद्ध हैं, में शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के स्वीकृत, कार्यरत, भरे एवं रिक्त पदों का विद्यालयवार एवं पदवार ब्यौरा दें;

(ख) इन विद्यालयों में प्रधानाचार्यों के कितने पद कब से रिक्त हैं तथा डी0डी0ओ0 शक्तियों एवं प्रशासनिक/वित्तीय संचालन की वर्तमान व्यवस्था क्या है; रिक्त पद कब तक भर दिए जाएंगे;

(ग) सी0बी0एस0ई0 लागू होने के उपरांत नियुक्त शिक्षकों, आरम्भ किए गए नए विषयों तथा वर्तमान में संचालित विषयों का विद्यालयवार ब्यौरा दें;

(घ) सी0बी0एस0ई0 लागू होने के बाद चालू सत्र में नए प्रवेश, कक्षावार छात्र संख्या एवं नामांकन वृद्धि का विद्यालयवार ब्यौरा दें; और

(ङ) राजकीय उच्च विद्यालय रोवा एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीम में शिक्षकों एवं गैर-शिक्षकों के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों का पदवार ब्यौरा दें तथा रिक्त पद कब तक भर दिए जाएंगे?

----

## दैनिक वेतनभोगी एवं अंशकालिक कर्मचारी

1793 **डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला चम्बा में विभिन्न विभागों के कितने दैनिक वेतनभोगी एवं अंशकालिक कर्मचारी लम्बे समय से सेवाएं दे रहे हैं; विभागवार एवं सेवाकालवार ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार लम्बे समय से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी एवं अंशकालिक कर्मचारियों के नियमितीकरण अथवा वेतन सम्बन्धी समस्याओं के समाधान हेतु कोई समयबद्ध नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

----

## प्राथमिक विद्यालय

1794 **डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहाल के गढ़, जसौरगढ़ के ब्रुईला तथा देवीकोठी के सप्रांजला में प्राथमिक विद्यालय खोलने अथवा नजदीकी विद्यालयों तक सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## क्षतिग्रस्त पुल

1795 **डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बघेईगढ़ में गत वर्ष बादल फटने से कंगेला नाले में चार पंचायतों को जोड़ने वाला स्टील पुल बह गया था; यदि हां, तो सरकार इस पुल को पुनः कब तक बनाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## वाहन खरीद

1796 **डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में कितने नए दोपहिया, तिपहिया तथा चौपहिया वाहन पंजीकृत हुए तथा इनमें से कितने वाहन इलैक्ट्रिक थे; श्रेणीवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में कितने मालवाहक, यात्री, व्यावसायिक वाहनों तथा इलैक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण हुआ इनकी संख्या एवं अनुपात का जिलावार ब्यौरा दें; और

(ग)) क्या सरकार द्वारा इलैक्ट्रिक एवं मालवाहक वाहनों को प्रोत्साहित करने हेतु कोई

विशेष नीति, अनुदान अथवा कर रियायत लागू है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## कुठेड़ जल विद्युत परियोजना

1797 **डॉ0 जनक राज (भरमौर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जे0एस0डब्ल्यू0 कुठेड़ जलविद्युत परियोजना की सुरंग निर्माण से लामू, कुठेड़ एवं चन्हौता गांवों में आवासीय भवन/निजी संपत्तियां प्रभावित हुई हैं; यदि हां, तो प्रभावित भवनों एवं भूमि का ब्यौरा दें;

(ख) कितने मामलों का सर्वेक्षण/मूल्यांकन हुआ, कितने परिवारों को मुआवजा दिया गया तथा कितने मामले लंबित हैं; लंबित रहने के कारण एवं निस्तारण कब तक होगा;

(ग) परियोजना हेतु ग्रामवार/परिवारवार कितनी भूमि अधिग्रहित की गई तथा कितने भूमि परिवार रोजगार के पात्र हैं; कितनों को रोजगार मिला तथा कितने वंचित हैं; नाम, पद एवं नियुक्ति की तिथि सहित ब्यौरा दें;

(घ) क्या परियोजना स्वीकृति की शर्तों एवं प्रदेश सरकार की रोजगार नीति के तहत भूमि प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता से रोजगार देना अनिवार्य है; यदि हां, तो अनुपालन न होने के क्या कारण हैं; क्या सरकार ने कंपनी को रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु कोई निर्देश दिए हैं; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(ङ) क्या रोजगार के स्थान पर एकमुश्त आर्थिक मुआवजे का भी कोई प्रस्ताव है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(च) शर्तों के उल्लंघन पर कंपनी के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई तथा सभी पात्र परिवारों को मुआवजा एवं रोज़गार कब तक उपलब्ध करवा दिया जाएगा?

----

## सड़क सुविधा

1798 **डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भरमौर विधान सभा निर्वाचन के अंतर्गत दिनांक 01.08.2026 तक सर्वकालिक सड़क सुविधा से वंचित राजस्व गांवों/बसाहटों का पंचायतवार एवं विकास खंडवार ब्यौरा दें;

(ख) क्या इस निर्वाचन क्षेत्र के तहत खुन्देल, बलोठ, दाड़वीं, गान, बड़ग्राम, दुर्गेठी, धिमला, फागड़ी, तुन्दाह, लामू, होली, जगत, उल्लांसा, देओल, कुठेड़ व कुआंरसी

पंचायतों तथा पांगी के कुलाल सहित उल्लेखित गांव सड़क से वंचित हैं; यदि हां, तो प्रस्तावित सड़क का नाम, लंबाई, स्वीकृत/डी0पी0आर0 स्थिति तथा निर्माण की समय-सीमा क्या है;

(ग) इन गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने हेतु सरकार की समयबद्ध कार्य योजना एवं प्रत्येक गांव हेतु अपेक्षित तिथि/वर्ष का ब्यौरा दें; और

(घ) इनमें से कौन-कौन सी सड़कें पी0एम0जी0एस0वाई0, नाबार्ड, राज्य अथवा अन्य योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृति हेतु प्रस्तावित हैं; योजनावार ब्यौरा दें?

----

## दुग्ध खरीद

1799 **श्री इन्द्र सिंह गाँधी (बल्ह) :**
**श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में किसानों से दूध का दैनिक संग्रहण/क्रय क्या अवकाश एवं सरकारी छुट्टियों सहित होता है; यदि नहीं, तो अवकाश के दिनों में संग्रहण एवं भंडारण की व्यवस्था क्या है;

(ख) क्या दुग्ध उत्पादकों को प्रत्येक माह निर्धारित तिथि पर भुगतान करने की व्यवस्था है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; दिनांक 01.08.2026 तक दुग्ध उत्पादकों की कितनी राशि बकाया है; जिलावार ब्यौरा दें;

(ग) क्या प्रति किसान प्रतिदिन अधिकतम 20 लीटर दूध खरीदने की सीमा निर्धारित है; यदि हां, तो संबंधित आदेश/नीति तथा 20 लीटर से अधिक दूध के क्रय, संग्रहण एवं विपणन की व्यवस्था का ब्यौरा दें;

(घ) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2026 तक प्रदेश में संचालित दूध एकत्रीकरण केंद्रों की जिलावार संख्या तथा प्रतिदिन संग्रहित दूध की मात्रा कितनी है;

(ङ) प्रदेश का प्रतिदिन एवं वार्षिक कुल दूध उत्पादन तथा दूध/दुग्ध उत्पादों की कुल खपत कितनी है; वर्तमान में गाय एवं भैंस के दूध का संस्था/एजेंसीवार क्रय मूल्य कितना है; और

(च) इस अवधि में दुग्ध खरीद पर वर्षवार/जिलावार व्यय एवं दुग्ध उत्पादकों को भुगतान तथा लंबित भुगतान का ब्यौरा दें; नए दूध एकत्रीकरण केंद्र खोलने एवं दुग्ध खरीद बढ़ाने हेतु सरकार की कार्य योजना एवं समय-सीमा क्या है?

----

## समग्र शिक्षा अभियान

1800 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार)ः**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक समग्र शिक्षा अभियान के परियोजना निदेशालय के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं एवं प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों एवं गैर-शिक्षकों की नियुक्तियां की गई हैं; यदि हां, तो कितनी नियुक्तियां की गईं; वर्षवार एवं पदवार ब्यौरा दें;

(ख) इनमें अनुबंध एवं आउटसोर्स आधार पर कितनी नियुक्तियां हुई हैं;

(ग) नियुक्तियां किस एजेंसी/आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से की गईं; नियुक्त कर्मचारी का नाम, पद, नियुक्ति की तिथि, जिला एवं स्थायी निवास, नियुक्तियों हेतु निर्धारित पात्रता, चयन प्रक्रिया तथा चयन समिति सहित ब्यौरा दें;

(घ) क्या इन नियुक्तियों हेतु सरकार की पूर्व स्वीकृति प्राप्त की गई थी; यदि हां, तो स्वीकृति/अधिसूचना का ब्यौरा दें; क्या इन नियुक्तियों हेतु विज्ञापन जारी किए गए थे; यदि हां, तो विज्ञापन की तिथि, आवेदनों की संख्या तथा चयनित अभ्यर्थियों का ब्यौरा दें; और

(ङ) इनमें से कितनी नियुक्तियां बिना खुले विज्ञापन के की गईं; क्या इन नियुक्तियों में प्रदेश के आरक्षण एवं भर्ती नियमों का पूर्ण पालन किया गया है; यदि चयन प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो क्या सरकार इन सभी नियुक्तियों की स्वतंत्र जांच करवाने को तैयार है; ब्यौरा दें?

----

## पुल निर्माण

1801 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार) ः**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पनारसा–दलासनी पुल के निर्माण हेतु प्रशासनिक/तकनीकी स्वीकृति की तिथि, स्वीकृत/जारी धनराशि एवं वर्षवार ब्यौरा दें; कार्य किस ठेकेदार/कार्यदायी संस्था को कब आबंटित हुआ तथा कार्यादेश की तिथि क्या है;

(ख) निर्माण की वर्तमान प्रगति, ठेकेदार को किए गए एवं लंबित भुगतान की वर्षवार स्थिति तथा कार्य लंबित रहने के क्या कारण हैं;

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत दलासनी, रोट, सचानी, हुरला पंचायतों एवं गड़सा घाटी में कृषि/बागवानी उत्पादों के परिवहन के समाधान हेतु क्या पग उठाए गए हैं तथा

पुल को यातायात हेतु कब तक खोल दिया जाएगा;

(घ) क्या वर्ष, 2023 की प्राकृतिक आपदा से लारजी–औट बाईपास सड़क एवं पुल क्षतिग्रस्त हुए थे; यदि हां, तो क्षति एवं पूर्व में स्वीकृत/जारी धनराशि का वर्षवार/कार्यवार ब्यौरा दें; आपदा से पूर्व सड़क एवं पुल के निर्माण, रख-रखाव एवं मरम्मत हेतु स्वीकृत/ जारी धनराशि में से कितनी व्यय एवं कितनी शेष है; ब्यौरा दें; और

(ङ) लारजी–औट बाईपास सड़क एवं पुल का पुनर्निर्माण कार्य शुरू हुआ है या नहीं; यदि हां, तो आरंभ की तिथि, वर्तमान प्रगति, ठेकेदार/कार्यदायी संस्था एवं कार्यादेश तिथि क्या है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## आई0टी0आई0 भवन

**1802 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कितने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई0टी0आई0) कार्यरत हैं;

(ख) यह सत्य है कि सुलह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र रझूं में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई0टी0आई0) भवन का निर्माण कार्य निर्माणाधीन है; यदि हां, तो इसके भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है व कितनी व्यय हो चुकी हैं; और

(ग) क्या निर्माण कार्य में देरी हुई है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; क्या सरकार द्वारा इसके भवन निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करने हेतु अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत करने का प्रस्ताव विचाराधीन है; यदि हां, तो कितनी अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत किए जाने की संभावना है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

----

## सेंसर/अर्ली वार्निंग सिस्टम

**1803 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक कितनी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए; प्रत्येक भूकंप की तिथि तीव्रता, केंद्र/उप-केंद्र तथा प्रभावित जिलों व क्षेत्रों का ब्यौरा दें; इन भूकंप झटकों के कारण प्रदेश में कहां-कहां जान-माल एवं सरकारी/निजी संपत्ति को नुकसान हुआ अनुमानित ब्यौरा दें;

(ख) क्या प्रदेश में भूकंप की पूर्व चेतावनी एवं त्वरित सूचना हेतु कोई सेंसर/अर्ली वार्निंग सिस्टम अथवा अन्य वैज्ञानिक उपकरण स्थापित किए गए हैं; और

(ग) क्या सरकार की सेंसर/अर्ली वार्निंग सिस्टम अथवा अन्य वैज्ञानिक उपकरण स्थापित करने की कोई योजना है; यदि हां, तो इस हेतु कितनी धनराशि प्रस्तावित/ स्वीकृत है; उपकरण किन-किन स्थानों पर लगाए जाएंगे तथा इन्हें कब तक स्थापित किया जाना प्रस्तावित है; ब्यौरा दें?

----

## किसान भवन/ रैस्ट हाउस का निर्माण

1804 **श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सुलह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में जल शक्ति विभाग द्वारा किसान भवन/ रैस्ट हाउस का निर्माण करवाया जा रहा है; यदि हां, तो इसकी अनुमानित लागत कितनी है; कितना कार्य पूर्ण हो चुका है तथा निर्माण कार्य पर कितना व्यय किया जा चुका है;

(ख) क्या सरकार द्वारा इस भवन के निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है; यदि हां, तो निर्धारित समय-सीमा क्या है तथा इसके भवन का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(ग) इस भवन का यदि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुसार पूर्ण नहीं हुआ है तो इसके क्या कारण हैं तथा कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन

1805 **श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन के कितने लाभार्थी हैं तथा इन लाभार्थियों को कितने महीनों से पेंशन नहीं मिल रही है व इनके खातों में अंतिम पेंशन कब डाली गई थी; पंचायतवार ब्यौरा दें; लाभार्थियों को यह पेंशन कब तक प्रदान कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## सब-स्टेशन भगानी साहिब

1806 **श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के

अंतर्गत प्रस्तावित 33/11 के0वी0 सब-स्टेशन भगानी साहिब की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें?

----

## एफ0सी0ए0

1807 **श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत डोबरी सालवाला से कंडेला सड़क का एफ0सी0ए0 केस वन विभाग, डिवीजन पांवटा साहिब के पास लंबित है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति तथा केस कब तक स्वीकृत होने की संभावना है ताकि सड़क निर्माण का कार्य आरंभ किया जा सके; ब्यौरा दें?

----

## भूमि कटाव

1808 **श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब) :**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के खरा शड़, ग्राम पंचायत जामनीवाला, जम्बू का खाला, अम्बीवाला, डोबरी सालवाला, अमरगढ़, सूरजपुर एवं संतोषगढ़ में भूमि कटाव से प्रभावित उपजाऊ भूमि का गांववार/ वर्षवार क्षेत्रफल तथा क्षतिग्रस्त मकानों का ब्यौरा दें;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष, 2023 एवं 2024 में जम्बू का खाला तथा दोपहरिया खड्ड, बासवाला खाला एवं कटा पत्थर खाला में हुए भूमि/मकानों के नुकसान का ब्यौरा दें;

(ग) इन क्षेत्रों में भूमि कटाव रोकने तथा किसानों की उपजाऊ भूमि एवं मकानों की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा किए गए कार्यों का वर्षवार स्वीकृत, जारी एवं व्यय धनराशि का गांववार/कार्यवार ब्यौरा दें; और

(घ) क्या सरकार द्वारा इन क्षेत्रों में भूमि कटाव को रोकने हेतु कोई कार्य/परियोजना लंबित या प्रस्तावित है; यदि हां, तो स्वीकृत धनराशि, वर्तमान स्थिति तथा कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा सहित ब्यौरा दें?

----

## फील्ड स्टाफ

1809 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर)ः**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश के लोक निर्माण विभाग में कितना फील्ड स्टाफ कार्यरत है तथा कितने पद स्वीकृत व स्वीकृत पदों में से कितने पद रिक्त चल रहे हैं, पदनाम एवं श्रेणीवार ब्यौरा दें; और

(ख) रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है तथा सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## सड़कों की टारिंग

1810 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर)ः**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी किलोमीटर सड़कों की टारिंग की गई; सड़कवार व पंचायतवार ब्यौरा दें; और

(ख) वित्तीय वर्ष, 2026-27 हेतु इस क्षेत्र में कितने किलोमीटर सड़कों को पक्का करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## बंद बस रूट

1811 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर)ः**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कौन-कौन से बस रूट बंद किए गए हैं; प्रत्येक बस रूट के बंद किए जाने का कारण सहित ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार इन बस रूटों को पुनःआरम्भ करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## ट्रांसपोर्ट नगर

1812 **श्री सतपाल सिंह सत्ती** (ऊना)ः

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश सरकार शिमला शहर में ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कितने ट्रांसपोर्ट नगर एवं किन-किन स्थानों पर विकसित किए जाएंगे तथा वहां कौन-कौन सी गतिविधियां संचालित की जाएंगी; और

(ख) क्या शिमला शहर में संचालित विभिन्न वाहन वर्कशॉपों को प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगरों में स्थानांतरित किया जाएगा; यदि हां, तो शिमला शहर में संचालित वाहन वर्कशॉपों की क्षेत्रवार संख्या का ब्यौरा दें?

----

## पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति

1813 **श्री सतपाल सिंह सत्ती** (ऊना)ः

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एन0जी0टी0) के आदेशों/दिशा-निर्देशों के अनुसार अवैध खनन के मामलों में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति एवं जुर्माना/चालान निर्धारित करने हेतु कौन-कौन से मानक व सूत्र अपनाए जाते हैं; क्या इन मानकों के अंतर्गत अवैध रूप से निकाले गए खनिज की मात्रा/बाजार मूल्य के साथ-साथ पर्यावरण को हुई क्षति का भी आकलन किया जाता है; यदि हां, तो प्रदेश में गत दो वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक इन मानकों के अंतर्गत कितने मामलों में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई; कितनी धनराशि वसूल की गई; जिलावार व वर्षवार ब्यौरा दें?

----

## अध्ययन अवकाश

1814 **श्री सतपाल सिंह सत्ती** (ऊना)ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने उच्च शिक्षा ले रहे सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु स्टडी लीव (अध्ययन अवकाश) के दौरान पूरा वेतन देने की व्यवस्था फिर से आरंभ की है; यदि हां, तो कारण सहित ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक विदेश में उच्च शिक्षा हेतु अध्ययन अवकाश (स्टडी लीव) पर कौन-कौन से अधिकारी/कर्मचारी गए; नाम, पते, पदनाम, कोर्स, संस्थान, अवधि व देश सहित ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार ने कोई ऐसी नीति या व्यवस्था बनाई है, जिससे यह तय हो सके कि अध्ययन अवकाश लेने वाले कर्मचारी की पढ़ाई को मापने योग्य प्रशासनिक नतीजों से जोड़ा जा सके तथा हासिल किए गए ज्ञान एवं कौशल का पब्लिक सर्विस डिलीवरी

(जनसेवा) को बेहतर बनाने में इस्तेमाल किया जा सके न कि यह पॉलिसी सिर्फ़ एक सर्विस बेनिफिट (नौकरी का लाभ) बनकर न रह जाए; यदि हां, तो इस अवधि के दौरान शिक्षा ग्रहण करके वापिस आए अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा दिए गए योगदान का ब्यौरा दें?

----

## नगर पंचायत

1815 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नगर पंचायत बड़सर के गठन हेतु आसपास की किन-किन पंचायतों का विलय किया गया; और

(ख) जो क्षेत्र बड़सर से 8-10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं, क्या उन्हें सरकार नगर पंचायत से बाहर करके निकटवर्ती ग्राम पंचायत में सम्मिलित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

1816 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने सरकारी विद्यालय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तहत आ गए हैं तथा इन विद्यालयों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तहत करने हेतु क्या नियम हैं; क्या सरकार इस निर्वाचन क्षेत्र के बाकी विद्यालयों को भी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

----

## हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

1817 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला के अंतर्गत वर्तमान में कितने पुस्तक विक्रय केन्द्र कार्यरत हैं तथा इन केन्द्रों पर कितने पद स्वीकृत एवं कितने अधिकारी/ कर्मचारी कार्यरत हैं;

(ख) यह सत्य है कि कुछ पुस्तक विक्रय केन्द्रों में स्वीकृत पदों से अधिक कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं; यदि हां, तो केन्द्रवार स्वीकृत एवं कार्यरत कर्मचारियों सहित ब्यौरा दें;

(ग) क्या स्वीकृत पदों से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु सरकार से पूर्व अनुमति

प्राप्त की गई है; और

(घ) सरकार द्वारा पुस्तक विक्रय केन्द्रों में स्वीकृत पदों के अनुरूप कर्मचारियों की नियुक्ति सुनिश्चित करने तथा अतिरिक्त कर्मचारियों के संबंध में क्या कार्रवाई की जा रही है?

----

## पार्किंग

1818 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर)**:

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि शिमला के नाभा स्थित रॉयल होटल के पास निर्मित नए टेनिस कोर्ट के साथ लगती खाली भूमि का उपयोग स्थानीय निवासियों द्वारा वाहन पार्किंग हेतु किया जा रहा है; क्या सरकार इस स्थान को विधिवत पार्किंग के रूप में विकसित करने का विचार रखती है;

(ख) यह भी सत्य है कि इस टेनिस कोर्ट तथा इसके आगे निर्मित नए आवासीय भवनों के निर्माण के पश्चात से लेकर वहां की मुख्य/ पहुंच मार्ग पर सोलिंग, मेटलिंग एवं टारिंग का कार्य नहीं किया गया है; यदि हां, तो इन भवनों व ग्राउंड के निर्माण के उपरांत इतने लंबे समय तक सोलिंग,मेटलिंग व टारिंग न करवाए जाने के क्या कारण हैं एवं इस हेतु कौन से अधिकारी/ ठेकेदार उत्तरदायी हैं; और

(ग) उक्त मार्ग पर मेटलिंग एवं टारिंग का कार्य कब तक आरंभ व पूर्ण कर दिया जाएगा; टेनिस कोर्ट के पास की खाली जगह को पक्का करके पार्किंग योग्य बनाने हेतु विभाग द्वारा क्या निश्चित समय-सीमा तय की गई है; ब्यौरा दें?

----

## फास्ट एवं सामान्य चार्जिंग स्टेशन

1819 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर)**:

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के प्रत्येक जिले में सरकारी एवं निजी स्थानों पर स्थापित फास्ट एवं सामान्य चार्जिंग स्टेशनों की संख्या, स्थान, स्थापना वर्ष, स्थापित करने वाली एजेंसी/कंपनी तथा प्रत्येक स्टेशन की स्थापना का लागत सहित जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) इनमें से कितने स्टेशन वर्तमान में कार्यशील तथा कितने बंद/खराब हैं; बंद स्टेशनों के स्थान, कारण एवं अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें;

(ग) सरकारी विश्राम गृहों, एच0आर0टी0सी0 परिसरों, पेट्रोल पम्पों, होटलों/रेस्टोरेंटों तथा अन्य निजी एवं सरकारी परिसरों में स्थापित स्टेशनों का स्थानवार ब्यौरा दें; और

(घ) बंद/खराब स्टेशनों को चालू करवाने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं तथा क्या संबंधित एजेंसी/कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें निर्धारित समय में चालू करवाने की व्यवस्था की जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## रिक्त पद

1820 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय चौपाल, नेरवा, कुपवी व राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सराहां में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत, कितने भरे, कितने कार्यरत व कितने रिक्त हैं; महाविद्यालयवार व पदवार ब्यौरा दें; इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## नेरवा बस डिपो

1821 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नेरवा बस डिपो में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत, कितने भरे, कितने कार्यरत व कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## लोक निर्माण मण्डल

1822 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग मण्डल चौपाल तथा ठियोग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत, कितने कार्यरत, कितने भरे व कितने रिक्त हैं; कार्यालयवार एवं पदवार ब्यौरा दें; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## भुट्टी-थानेधार सड़क

1823 **श्री कुलदीप सिंह राठौर (ठियोग) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि ठियोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत गत वर्ष भारी वर्षा/भूस्खलन से भुट्टी–थानेधार सड़क रवालटी नाला के समीप क्षतिग्रस्त हुई तथा बहाली के उपरांत भी वर्षा में बार-बार अवरुद्ध होती है; यदि हां, तो स्थायी समाधान हेतु विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है;

(ख) क्या इस सड़क की स्थायी बहाली हेतु डी0पी0आर0 तैयार की जा चुकी है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति, स्वीकृत/प्रस्तावित धनराशि तथा कार्य प्रारंभ करने की समय-सीमा क्या है; और

(ग) क्या लोक निर्माण विभाग कुमारसैन मंडल के अंतर्गत नोगकैंची—कीरटी सड़क की सकुंदी के समीप स्थायी बहाली एवं सुरक्षा कार्यों हेतु डी0पी0आर0 तैयार कर ली गई है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; सड़क की स्थायी बहाली हेतु प्रस्तावित कार्य, धनराशि आबंटन एवं कार्य प्रारंभ करने की समय-सीमा क्या है?

----

## मेडिकल स्टोर-निजी लैब

1824 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में जिला कांगड़ा व चम्बा में कितने मेडिकल स्टोर व निजी लैबें चल रही हैं; इन जिलों में कितने पंजीकृत चिकित्सक हैं; क्या इनका पंजीकरण नियमानुसार किया गया है; और

(ख) गत दो वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक विभाग द्वारा मेडिकल स्टोर, निजी लैब व पंजीकृत चिकित्सकों पर छापेमारी कर कार्रवाई की गई है; यदि हां, तो नाम व स्थान सहित ब्यौरा दें?

----

## वन महोत्सव

1825 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में पहली बार वन महोत्सव कब मनाया गया तथा गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में कितने वन महोत्सव मनाए जा चुके हैं; ब्यौरा दें;

(ख) इन वन महोत्सवों में कितने पौधरोपण किन-किन स्थानों पर किए गए तथा इनमें कितने पौधे जीवित हैं; स्थानवार ब्यौरा दें;

(ग) जिन स्थानों पर राज्य स्तरीय वन महोत्सव आयोजित हुए, वहां पर कितना पौधरोपण किया गया तथा इसमें कितने पौधे जीवित हैं; ब्यौरा दें; और

(घ) इस अवधि में सरकार द्वारा कितने वन मित्र भर्ती किए गए; क्या सरकार इन्हें वन रक्षक पद पर भर्ती हेतु 30 प्रतिशत कोटा देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## एड्स नियंत्रण संस्थाएं

1826 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में एड्स नियंत्रण हेतु कितनी संस्थाएं कार्यरत हैं तथा इन संस्थाओं के अंतर्गत कुल कितने कर्मचारी नियमित, दैनिक वेतनभोगी, अनुबंध तथा आउटसोर्स आधार पर कार्यरत हैं; संस्थावार एवं पदवार ब्यौरा दें;

(ख) क्या प्रदेश सरकार एड्स नियंत्रण संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## नियुक्ति

1827 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सब-डिविजनल मेजिस्ट्रेट कार्यालय पच्छाद स्थित सराहां के रिकॉर्ड रूम में पटवारी या सहायक के पद पर कोई भी नियुक्ति नहीं की गई है; यदि हां, तो इन पदों पर नियुक्ति कब तक कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## रिक्त पद

1828 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढंगयार में मुख्य शिक्षक का पद कब से रिक्त है; इस पद पर नियुक्ति कब तक कर दी जाएगी; ब्यौरा दें;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जदोल टपरोली में प्रधानाचार्य का पद तीन वर्षों से रिक्त है व अन्य अध्यापकों की नियुक्ति भी नहीं की गई है; इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ग) इस क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलोह में प्रधानाचार्य का पद रिक्त है तथा प्रवक्ता (हिन्दी) एवं प्रवक्ता (राजनीति विज्ञान) की नियुक्ति भी नहीं की गई है; इन पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## **कूड़ा संयंत्र**

1829 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत राजगढ़ में निर्माणाधीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र पर कितनी धनराशि व्यय हुई तथा दिनांक 01.08.2026 तक इसकी निर्माण प्रगति क्या है;

(ख) क्या नगर पंचायत राजगढ़ में एम0एस0डब्ल्यू0 नियम, 2026 के अनुरूप कूड़ा निपटान हेतु पर्याप्त डंपिंग/प्रोसेसिंग साइट उपलब्ध है; यदि नहीं, तो वैकल्पिक व्यवस्था एवं प्रस्तावित साइट का ब्यौरा दें;

(ग) नगर पंचायत राजगढ़ के वार्ड संख्या 4 में निर्माणाधीन पुल पर कितनी धनराशि व्यय हुई है तथा कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है;

(घ) नगर पंचायत राजगढ़ में हाउस टैक्स की दरें एवं वसूली व्यवस्था क्या नगर निगम/ नगर परिषद के समान हैं; ब्यौरा दें; और

(ङ) नगर पंचायत राजगढ़ में सीवरेज प्लांट की स्वीकृत लागत, निर्माण आरम्भ होने की तिथि, प्रगति एवं व्यय तथा कार्य पूर्ण करने की निर्धारित समय-सीमा का ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **यशपाल शर्मा,**

**26 अगस्त, 2026.** **सचिव**